# उत्तर प्रदेश रहा गार्टेक्स 2025 का मुख्य आकर्षण: टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश को मिला बढ़ावा

- ***गार्टेक्स में दिखा यूपी का टेक्सटाइल दम: पीएम मित्र पार्क और नीतिगत प्रोत्साहनों ने खींचा निवेशकों का ध्यान***

**लखनऊ/मुंबई, 24 मई, 2025:** उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश के एक पसंदीदा गंतव्य और अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से, **इन्वेस्ट यूपी तथा हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग** ने मुंबई में 22-24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2025 एक्सपो में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन का किया प्रचार-प्रसार। इस अग्रणी मंच के माध्यम से प्रदेश की निवेश-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र, मजबूत बुनियादी ढांचे और दूरदर्शी क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों और मौजूद प्रोत्साहनों को साझा करते हुए निवेशकों को आकर्षित किया गया।

भारत के सबसे बड़े परिधान और वस्त्र व्यापार शो में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्री शशांक चौधरी और हैंडलूम एवं टेक्सटाइल के संयुक्त आयुक्त श्री के.पी. वर्मा व अन्य अधिकारी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ रणनीतिक चर्चा में शामिल हुए। यह उल्लेखनीय है कि प्रदेश का स्टाल सभी आगंतुकों के बीच प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा, जहां  प्रमुख वस्त्र संघों और वस्त्र निर्माताओं को उत्तर प्रदेश की व्यापार अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों से अवगत कराया गया। इन प्रयासों से राज्य में निवेश आकर्षित करने और उत्तर प्रदेश को भारत में एक प्रमुख वस्त्र निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को $1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मित्र पार्क, विश्व स्तरीय औद्योगिक व रक्षा गलियारे और वस्त्र निर्माण, मशीनरी संयंत्रों और एकीकृत वस्त्र पार्कों का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किए गए व्यापक नीतिगत ढाँचों सहित प्रमुख पहलों को बढ़ावा दिया।

वस्त्र निर्माताओं, परिधान निर्यातकों और मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं के साथ हुई चर्चाओं में उत्तर प्रदेश के प्रतिस्पर्धात्मक लाभों को रेखांकित किया गया: जिसमें उपलब्ध कुशल कार्यबल, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, पर्याप्त बिजली और आकर्षक प्रोत्साहन शामिल हैं। निवेशकों को पारंपरिक टेक्सटाइल क्लस्टर और उभरते केंद्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया।

टेक्सटाइल क्षेत्र के अतिरिक्त, निवेशकों ने नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्निकल टेक्सटाइल, रक्षा निर्माण, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग में भी गहरी रुचि दिखाई, जिससे राज्य के एक बहु-आयामी निवेश केंद्र के रूप में उभरने की पुष्टि हुई। उत्कृष्टता केंद्रों और उच्च-तकनीकी सहयोग के प्रस्तावों पर भी विचार किया गया, जो आगामी साझेदारियों की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस 2025 में उत्तर प्रदेश की सक्रिय और सशक्त भागीदारी ने अपनी मजबूत औद्योगिक पहुंच और रोजगार-सृजनकारी वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 125 से अधिक प्रदर्शकों और 300 से अधिक ब्रांडों ने हिस्सा लिया।

---------